आकाशवाणी भोपाल
दोपहर समाचार

दिनांक 19.10.2024 **समय: 2.10 PM**

सड़क सेमिनार

केन्द्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज भोपाल में सड़क और पुल निर्माण के क्षेत्र में उभरती नवीनतम प्रवृत्तियों और तकनीकों पर दो दिवसीय सेमिनार का शुभारंभ किया। इस अवसर पर केन्द्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि इंफ्रास्ट्रक्चर की विकास में महत्वपूर्ण भूमिका है क्योंकि परिवहन व्यवस्था बेहतर होगी तो विकास के नए द्वार खुलेंगे और रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। उन्होंने कहा कि बुनियादी ढाँचे का विकास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भी सर्वोच्च प्राथमिकता है क्योंकि यह क्षेत्र न केवल विकास सूत्रधार है बल्कि देश के भविष्य का खाका भी तैयार करता है. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बताया कि इस दो दिवसीय सम्मेलन से मध्यप्रदेश के अवसंरचना विकास को नई ऊर्जा मिलेगी और यह आयोजन राज्य की निर्माण परियोजनाओं में नई ऊंचाइयों को प्राप्त करने में सहायक सिद्ध होगा। सम्मेलन में सड़क और पुल निर्माण की नवीनतम तकनीकों, सामग्रियों और अनुबंध निष्पादन से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विशेषज्ञ अपने अनुभव और सुझाव साझा करेंगे।

दिव्य कला मेला

केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार ने आज जबलपुर में नमस्ते योजना के तहत सीवर एवम सेप्टिक टैंक कर्मियों को पीपीई किट और आयुष्मान कॉर्ड का वितरण कर सम्मानित किया । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय अधिकारिता मंत्री ने कहा कि स्वच्छता कर्मियों को कम ब्याज़ दर पर लोन उपलब्ध कराया जाएगा ।

इस मौके पर उन्होंने जबलपुर मेडिकल कॉलेज में नशे के उपचार के लिए एटीएफ केन्द्र खोले जाने की घोषणा की। केंद्रीय मंत्री इससे पूर्व विकलांग सेवा भारती द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भी शामिल हुए। वहीं वे आज शाम जबलपुर में 21वें दिव्य कला मेले का औपचारिक उद्घाटन करेंगे। इसका समापन 27 अक्टूबर को होगा। मेले में देशभर के दिव्यांग कारीगरों की प्रतिभा, उद्यमिता और शिल्प कौशल से रूबरू होने का मौका मिलेगा।

इसका आगाज केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के तत्वावधान में 17 अक्टूबर को हो चुका है। 11 दिवसीय इस आयोजन में 20 से अधिक राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के 100 से अधिक दिव्यांग उद्यमी और कारीगर हिस्सा ले रहे हैं।

कृषि मंत्री—रबी सम्मेलन

आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय रबी कृषि सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है । कार्यक्रम में कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान और कृषि और किसान कल्याण राज्यमंत्री रामनाथ ठाकुर भी उपस्थित रहेंगे।

सम्मेलन का उद्देश्य कृषि प्रणालियों में साझेदारी और नवाचार को बढ़ावा देना है ताकि रबी अभियान को सफल बनाया जा सके। इस अभियान के तहत विभिन्न मंत्रालयों, राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों और संगठनों के अधिकारी आगामी रबी मौसम के लिए प्रमुख पहलों और रणनीतियों पर चर्चा करेंगे।

पंजीयन

राज्य के 6 जिलों में समर्थन मूल्य पर धान, ज्वार और बाजरा के उपार्जन के लिए किसान पंजीयन की अवधि 21 अक्टूबर तक बढ़ा दी गई है। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया है कि किसानों की मांग पर पंजीयन की अवधि नर्मदापुरम, रीवा, सतना, सिंगरौली, दमोह और बैतूल जिले के लिए बढ़ाई गई है। गौरतलब है कि पूरे प्रदेश में 7 लाख 66 हजार से अधिक किसान पंजीयन कर चुके हैं। मोटे अनाज का उपार्जन 22 नवंबर और धान का उपार्जन 2 दिसंबर से किया जाएगा।

तीरंदाजी विश्व कप

तीरंदाज़ी विश्व कप फ़ाइनल 2024 आज से मेक्सिको में शुरू होगा। भारत की ओर से इसमें पांच खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। जिनमें एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक विजेता ज्योति सुरेखा वेन्नम, ओलिम्पिक खिलाड़ी दीपिका कुमारी और धीरज बोम्मदेवरा, तथा प्रियांश

और प्रथमेश फुगे शामिल हैं। पुरुषों की कंपाउंड व्यक्तिगत स्पर्धाएं आज भारतीय समयानुसार रात साढ़े नौ बजे से शुरू होंगी।

समाचार संक्षेप में...

- 1 आगरमालवा में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा विधिक साक्षरता शिविर में मानसिक स्वास्थ्य पर कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में विद्यार्थियों को गुड व बेड टच की जानकारी देते हुए उनके मौलिक अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया।
- राज्य पोषित योजना के घटक कृषक प्रशिक्षण सह भ्रमण के तहत नर्मदापुरम जिले के 30 किसानों को उद्यानिकी फसलों, नवीन तकनीकी, कृषि अनुसंधान कार्यों का प्रशिक्षण दिया जायेगा।